




# रात में छाये रहे बादल तड़के हुई बूंदाबांदी और कई जगह बारिश

## गेंहू की फसल प्रभावित, मौसम के मिजाज को लेकर किसान चिंतित, तापमान में आई गिरावट



नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, पिछले एक सप्ताह से मौसम का मिजाज बदला हुआ है, तापमान में गिरावट के साथ मौसम में ठंडक है, तीखी धूप का असर नही है. तड़के तेज गरज के साथ बूंदाबांदी और जिले के कई हिस्सो में हल्की बारिश हुई है. किसान अपनी फसलो को लेकर जहा परेशान है वही अभी दो दिन तक मौसम खराब रहेगा. साथ ही बेमौसम बारिश की संभावना है.**

किसान अपनी फसलो को लेकर चिंतित है. जिले के कुछ हिस्सो में ओलावृष्टि हो चुकी है उसके बाद से किसान परेशान है. गौरतलब है कि कई हिस्सो में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है साथ ही ऊपरी हवा का चक्रवात भी बना हुआ है. जिसके कारण पिछले चार दिनो से मौसम का मिजाज बदल रहा है. दो दिन तक अभी स्थित बूंदाबांदी की रहेगी उसके बाद आसमान साफ होगा और गर्मी भी अपना असर दिखाना शुरू कर देगी. मंगलवार को बादलो का आना जाना बना हुआ था लेकिन शाम होने के साथ बादल आ गये और तेज हवाएं रात में चलती रही. तड़के बूंदाबांदी शुरू हो गई. कई जगह हल्की बारिश भी हुई जिससे गेंहू की फसल प्रभावित हुई है. बुधवार को सुबह से बादल थे और शाम को बूंदाबांदी हुई. दो दिन तक मौसम इसी तरह से बना रहेगा, बारिश और ओला की संभावना बनी हुई है. इसके बाद मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा. पिछले एक सप्ताह से मौसम बदला हुआ है बेमौसम बारिश से फसले प्रभावित हुई है. मऊगंज एवं चाकघाट क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से किसानो को नुकसान हुआ है, शनिवार तक मौसम साफ होने की उम्मीद है. इस बार ठंड के मौसम में बारिश नही हुई और अब बेमौसम बारिश से किसान फसलो को लेकर परेशान है. रूक-रूक कर हुई बूंदाबांदी व बारिश से गेंहू, राई, चना और प्याज की फसल को नुकसान हुआ है. किसान अपनी फसलो को लेकर बेहद चिंतित है खासकर गेंहू को लेकर, आंधी और बारिश से गेंहू की फसल गिर गई है. हार्वेस्टर और हाथ से गेंहू की कटाई तेजी से किसान कर रहा है ताकि फसल को बचाया जा सके.

### मौसम साफ होते ही बढ़ेगा तापमान

अभी आसमान में बादल छाये हुए है और बूंदाबांदी हो रही है. जिसके कारण तापमान का असर कम है और रात में मौसम ठंडा रहता है. लेकिन जैसे ही बादल हटेगे आसमान साफ होगा तो तापमान बढ़ने के साथ गर्मी अपना असर दिखाना शुरू कर देगी. अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच जाएगा. अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री रहा तो वही न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री दर्ज किया गया. हवाएं भी 8 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही.

# सराफा बाजार में धड़ल्ले से उपयोग हो रहा घरेलू गैंस सिलेण्डर



नवभारत न्यूज


**रीवा, 8 अप्रैल, रीवा शहर में घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग सरेआम किया जा रहा है. एक ओर जहां उपभोक्ता गैस सिलेण्डर के लिये परेशान होते नजर आ रहे है, तो वहीं दूसरी ओर शहर के भीतर ही संचालित होटलों और अन्य वयवासयिक प्रतिष्ठानों में कॉमर्सियल की जगह घरेलू गैस सिलेण्डर धडल्ले से उपयोग किया जा रहा है.**

घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग लम्बे समय से हो रहा है और विभाग मूकदर्शक बना हुआ है. गैस की किल्लत के बीच भी कोई कार्यवाही नही हो रही है. ताजा मामला शहर के सराफा बाजार से सामने आया है जहां दुकानों के बाहर रखे घरेलू गैस सिलेण्डर का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है. वायरल वीडियो में बाजार की दुकानों के बहर कतारबद्ध तरीके से घरेलू गैस सिलेण्डर रखे हुए देखे जा सकते है।यह वीडियो साफ दर्शाता है कि बगैर किसी भय के लोगों द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डर का उपयोग किया जा रहा है. हालाकि ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग के अधिकारी इन बातों से अंजान है, लेकिन वह इस पर रोक लगाने की जहमत नही उठाना चाहते. फिलहाल इन वायरल तस्वीरों से साफ जाहिर है कि उपभोक्ताओं को वितरित किया जाने वाला सिलेण्डर आखिर कहां उपयोग किया जा रहा है. यह वीडियो ना सिर्फ गैस एजेंसियों द्वारा की जाने वाली कालाबाजारी की पोल खोलता है बल्कि जानकर भी अंजान बने जिम्मेदार अधिकारियों की कालाबाजारी में संलिप्पता को भी उजागर करता है. जिस समय घरेलू गैस सिलेंडर की मारामारी हुई उस दौरान एक दो जगह कार्यवाही कर घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये थे उसके बाद से कोई कार्यवाही नही की गई.

विभाग को भी पता है कि सर्राफा के अलावा अन्य व्यवसायिक कार्यो में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग होता है लेकिन कभी भी कार्यवाही विभाग करने संबंधित जगह नही पहुंचता.

## संक्षिप्त

### लोकार्पण समारोह दस को



**रीवा**. दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव एवं वरिष्ठ प्रचारक अभय महाजन के मुख्य आतिथ्य में आगामी 10 अप्रैल को माँ खंधो देवी धाम गोविंदगढ़ में भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर धाम के कुंड को सालभर जल से लबालब रखने के लिए गोविंदगढ़ तालाब से बिछाई गई पाइपलाइन का शुभारंभ होगा. कार्यक्रम की आयोजक एवं जिला पंचायत वन समिति की सभापति श्रीमती निर्मला संजीव द्विवेदी ने बताया कि यह आयोजन शुक्रवार सुबह 8:00 बजे संपन्न होगा. समारोह की अध्यक्षता गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह करेंगे. मुख्य अतिथि अभय महाजन एवं अन्य अतिथियों द्वारा धाम परिसर में नवनिर्मित सत्संग सदन, भव्य कथा मंच और नवग्रह वाटिका में स्थापित फव्वारे का लोकार्पण किया जाएगा. इन विकास कार्यों से धाम आने वाले श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रीवा कमिश्नर बी.एस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत, मुख्य वन संरक्षक रीवा राजेश राय, जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता राजेश यादव की उपस्थिति रहेगी. आयोजक निर्मला संजीव द्विवेदी ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने की अपील की है.

### युवा एकता परिषद मऊगंज के जिलाध्यक्ष बने संजय



**रीवा**. सामाजिक सरोकारों और युवाओं की एकजुटता के लिए कार्यरत सामाजिक संगठन युवा एकता परिषद युवा आगाज ने मऊगंज जिले में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करते हुए भूतपूर्व सैनिक संजय पाण्डेय संजू को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है. इस नियुक्ति के साथ ही संगठन ने जिले में अपनी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है. मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश संगठन मंत्री विमलेश द्विवेदी द्वारा संजय पाण्डेय संजू बाबा की कार्यक्षमता,सामाजिक सक्रियता एवं युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. इस नियुक्ति पर संगठन के मार्गदर्शक नरेन्द्र द्विवेदी दादू,वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव सिंह परिहार शेरा, प्रदेश प्रभारी दीपक मिश्रा बोस,प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक शर्मा सरकार, प्रदेश संयोजक अमर पासी समेत संगठन के साथियों एवं युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया है.

### शहर अध्यक्ष ने लिखा कैनाल की सफाई के लिये पत्र



**रीवा**. शहर के वार्ड क्रमांक 15 रतहरा से होकर निकलने वाली क्योटी कैनाल में गंदगी का अम्बार है. जलीय वनस्पती के चलते एवं गन्दगी कचरा के कारण नहर में कैनाल में आये दिन दुर्घटना होती है. लम्बे समय से सफाई नही कराई गई है आये दिन कोई न कोई गिर कर जलीय वनस्पती में फस जाता है और दुर्घटना होती है. शहर कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक पटेल ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर कैनाल की सफाई कराने की मांग की है. साथ ही आये दिन होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिये सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से रेलिंग आदि लगाने की मांग की है ताकि कोई भी नहर में न गिरे. शहर अध्यक्ष श्री पटेल ने पूर्व में कलेक्टर और नगर निगम को पत्र लिखकर मांग उठाई थी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई.

### डॉ. अम्बेडकर जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**रीवा**. भारत रत्न और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाएगी. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 10 से 14 अप्रैल तक जिला और विकासखण्ड स्तर पर समारोहपूर्वक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं. जारी निर्देशों के अनुसार 10 से 14 अप्रैल तक जिला और विकासखण्ड मुख्यालयों में हितग्राही सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे. सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों और आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित कराएं. कार्यक्रमों की रूपरेखा जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से तैयार कराएं.

# चोरहटा-रतहरा बाईपास में दुर्घटना ग्रस्त हाईवा में लगी आग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, रीवा शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात्रि एक हाईवा ट्रक में भीषण आग लग गई और हाईवा धू धू कर जलने लगा. मौके पर पहुंचे दमकल ने आग पर काबू पाया.**

घटना के संबंध में बताया गया है कि एक दुर्घटना ग्रस्त हाइवा ट्रक को क्रेन के माध्यम से ले जाया जा रहा था. इसी दौरान चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मैदानी में संस्कार वैली स्कूल के समीप अचानक हाईवा से आग की लपटे निकलने लगी. मौके पर मौजूद लोगों को जब तक कुछ समझ आता उसके पहले आग की लपटे तेज हो गई और हाईवा धू-धू कर जलने लगा. स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना तत्काल दमकल को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंचे दमकल ने आज पर काबू पाया है.

हाईवा ट्रक में आग कैसे लगी फिलहाल इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है आगजनी की इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि होने की सूचना फिलहाल नहीं है. बतादें कि इसके पहले भी चोरहटा-रतहरा बाईपास में ट्रक में आग लगने से जलने की घटना हो चुकी है. यह कोई पहला मामला नही है. पिछले 6 माह पूर्व एक ट्रक में भीषण आग लगी थी जो देखते-देखते जलकर राख हो गया था. हाइवे बाईपास में अक्सर इस तरह की घटनाएं होती रहती है. इस आगजनी से कोई जनहानि नही हुई है.



# पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में पेश किया गया आय-व्यय का पत्रक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन रीवा की कार्यकारिणी की बैठक संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में वीरेन्द्र कुमार तिवारी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपप्रान्ताध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.**

बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा वर्ष 2025-26 का आय-व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया, बैठक में सदस्यता बढ़ाये जाने हेतु अध्यक्ष द्वारा सदस्यता अभियान सघन रूप से चलाये जाने हेतु समस्त सदस्यों से अनुरोध किया गया. बैठक में स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत् पेंशनर्स साथियों से शासन द्वारा लिये जाने वाली निर्धारित प्रीमियम राशि को शून्य कर लागू किये जाने हेतु प्रस्ताव पारित कर शासन से अनुरोध किया गया है. इस संबंध में संगठन का तर्क है कि छठवें वेतनमान एवं सतवे वेतनमान पाने वाले अधिकांश पेंशनर्स की मासिक पेंशन 20 से 25 हजार रूपये महीने है, इस पेंशन राशि पर प्रीमियम जमा करना कठिन प्रतीत होता है. बैठक में रामगोपाल मिश्रा, वंशगोपाल त्रिपाठी, राजर्षिदेव पाण्डेय, यदुवीर प्रसाद द्विवेदी, नरेश कुमार द्विवेदी, सिद्धमुनि पाण्डेय, उमाकान्त तिवारी, न्याजुल्ला खांन, लालमन नापित, हीरामणि मिश्रा, राजकिशोर तिवारी, दामोदर प्रसाद पयासी, प्रभाकर प्रसाद श्रीवास्तव उर्मिला प्रसाद उपाध्याय, एल.पी. गौतम, राजमणि जायसवाल मौजूद थे.



आरओ वाटर एटीएम का शुभारंभ कराते महापौर अजय मिश्रा बाबा

# अवैध डेयरी के खिलाफ कार्यवाही आधा दर्जन गायें भेजी गई गौशाला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 29 के कटरा मोहल्ला में अवैध रूप से संचालित डेयरी के विरुद्ध निगम की स्वच्छता टीम द्वारा सख्त कार्रवाई की गई.**

डेयरी संचालन के कारण आसपास गंदगी फैलने एवं स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त स्थल पर अवैध डेयरी संचालित की जा रही थी. उक्त डेयरी के संचालक नरेंद्र चिकवा को पूर्व में डेयरी संचालन बाहर स्थानांतरित करने हेतु नोटिस भी जारी किया गया था, इसके बावजूद उनके द्वारा सेकेंडरी प्वाइंट में गोबर फेंका जा रहा था, जिससे क्षेत्र में गंदगी एवं दुर्गंध फैल रही थी. इस पर स्वच्छता टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए मौके से 6 गायों को पकड़कर बसामन मामा गौशाला भिजवाया गया. निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अवैध डेयरी संचालन पर कार्यवाही होगी.

# महापौर की अनूठी पहल, शहर को मिले 5 आधुनिक आरओ वाटर एटीएम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, शहरवासियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर की अनूठी पहल के अंतर्गत शहर में 5 आधुनिक आरओ वाटर एटीएम प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं.**

जिसका लोकार्पण अस्पताल चैक में महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' की गरिमामयी उपस्थिति में घनपत साहू द्वारा विधिवत रूप से किया गया.इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने कहा कि नगर निगम रीवा द्वारा शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए मध्यप्रदेश का पहला आधुनिक सुविधाओं से लैस आरओ वाटर एटीएम स्थापित किया जा रहा है. यह पहल न केवल जनसुविधा को बढ़ाएगी, बल्कि गर्मियों के मौसम में राहगीरों और शहरवासियों को स्थायी रूप से शीतल जल उपलब्ध कराएगी.उन्होंने यह भी कहा कि यह नगर निगम के लिए सौभाग्य की बात है कि जनता के टैक्स के पैसे से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु यह नि:शुल्क व्यवस्था की गई है. उन्होंने इन वाटर एटीएम की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी भी साझा की.

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्रीमती रमा दुबे, गुलाम अहमद, सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, पूर्व पार्षद लखनलाल खण्डेलवाल, अशोक पटेल, रामप्रकाश तिवारी, अमित चतुर्वेदी, निजावत खान, संजय पाण्डेय उपस्थित रहे. नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 5 आरओ वाटर एटीएम नगर निगम, अस्पताल चौक, सिरमौर चौक एवं बस स्टैंड में स्थापित किए जा चुके हैं. इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर 7 नए आरओ वाटर एटीएम शीघ्र ही स्थापित किए जाएंगे. कुल 12 वाटर एटीएम लगाने का लक्ष्य है.

# जल संरक्षण में आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित करें : जामोद



नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विकास योजनाओं और जनहितकारी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई.**

बैठक के दौरान कमिश्नर ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं और आम जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के तहत शुरू किए गए जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा किया जाए और प्रत्येक जिले में कम से कम एक ऐसी नदी का चयन किया जाए जहां संरक्षण और साफ-सफाई के कार्य नियमित रूप से किए जा सकें. पेयजल व्यवस्था और कृषि कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी बसाहटों में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए. उन्होंने बंद पड़ी नल-जल योजनाओं और हैंडपंपों को चालू करने के लिए निरंतर अभियान चलाने की बात कही. इसके साथ ही, समर्थन मूल्य पर गेहूं और अन्य अनाजों के उपार्जन की तैयारियों को लेकर सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया कि वे उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराएं, वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सभी जिलों के कलेक्टर जुड़े.

# विद्युत कंपनियों के पेंशन लाभार्थियों के लिए महंगाई राहत के आदेश जारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशन धारकों के लिए पुनरीक्षित महंगाई राहत के आदेश मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा जारी कर दिए गए हैं.**

अब पेंशनरों को 6वें वेतनमान में 5 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 3 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा. एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता मानव संसाधन एवं प्रशासन धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के ज्ञाप के अनुक्रम में जारी किया गया है, जो 01 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा. इससे प्रदेश की सभी उत्तरवर्ती बिजली कंपनियों के 58943 पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशन धारकों को लाभ प्राप्त होगा तथा इस पर लगभग 468 लाख रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त व्यय आयेगा. महंगाई राहत की गणना पेंशन के उस मूल अंश पर की जाएगी जो समर्पण से पूर्व निर्धारित की गई थी.

# रीवा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री का पद होल्ड, तीन माह का मिला मौका

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, 4 माह पूर्व निर्वाचित हुए युवा कांग्रेस रीवा के अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल सहित प्रदेश के कई निष्क्रिय महामंत्री व सचिव के पद को होल्ड कर दिया गया है.**

राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के महासचिव व मध्यप्रदेश प्रभारी शिवी सिंह चौहान ने 8 अप्रैल को जारी आदेश से पद होल्ड कर दिए है. उन्होंने अपने आदेश में रोके गए प्रदेश पदाधिकारी व जिला युवा अध्यक्षों को साफ संदेश दिया है कि 3 माह के अंदर यदि अपने पद के दायित्वों का निर्वहन संगठनात्मक गतिविधियों की मजबूती के लिए कार्य नहीं किया तो संगठन के मूल भावना अनुसार पदीय दायित्वों से मुक्त कर दिया जाएगा. जारी सूची में रीवा जिला



युवा अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल, रतलाम अध्यक्ष मयंक जाट, अलीराजपुर अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह पटेल सहित रीवा से प्रदेश महामंत्री प्रमोद पटेल तथा अन्य 7 महामंत्री व 27 प्रदेश सचिव का पद होल्ड किया गया है. उल्लेखनीय हो कि पूर्व में जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी होल्ड किया गया था. कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा संगठन सृजन व युवक कांग्रेस में निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से निर्वाचित पदाधिकारी के कार्य गतिविधियों का आकलन लगातार प्रदेश वी राष्ट्रीय प्रतिनिधियों द्वारा किया जा रहा है साथ सोशल मीडिया के माध्यम सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी कार्यों का मूल्यांकन कर संगठन को मजबूत करने समय-समय पर प्रदेश व राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा निर्देश जारी किए जाते हैं. जिन जिलों का परफॉर्मेंस संगठन के भावना अनुसार सही पाया जाता है उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है.

# विद्युत समाधान योजना की तिथि बढ़ी

रीवा, 8 अप्रैल, कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विद्युत विभाग की समाधान योजना की समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की विद्युत समाधान योजना के द्वितीय व अंतिम चरण को 15 मई तक बढ़ा दिया गया है. पूर्व में यह योजना 31 मार्च तक लागू थी. विद्युत विभाग के अधिकारी योजना की जानकारी दें.